



## एक नजर में

### दो दिवंगत शिक्षकों को सच्ची श्रद्धांजलि, पीएमयूएमएस संघ ने 52 लाख 06 हजार 224 रुपए का किया सहयोग



मन्दसौर। प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री गोविन्दराम गेहलोत (माध्यमिक शिक्षक शा. हाईस्कूल आकोदडा, जिला-मन्दसौर) ने बताया कि, पूरे शिक्षक समाज और पी एम यू एम शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की ओर से दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए स्व राजकुमार सिरोंतिया के परिवार को कुल सहयोग राशि 25,92,840 रु व स्व. बृजेश श्रीवास जिला नरसिंहपुर के परिवार को कुल सहयोग राशि 26,13,384 रु. इस प्रकार संघ के रजिस्टर्ड शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 52,06,224 रूपए की राशि 15 दिन में ऑनलाइन के माध्यम से उनके खातों में जमा की गई। पीएमयूएमएस मध्यप्रदेश स्तर पर नवनिर्मित शिक्षक संघ का उद्देश्य असमय दिवंगत होने वाले शिक्षक-शिक्षिका साथी को प्रदेश के पंजीकृत सभी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन सीधे नॉमिनी के खाते में संगठन के नियम अनुसार सहयोग प्रदान किया गया। संघ के संस्थापक सतीश खरे, प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया, प्रदेश संयोजक पवन खरे, श्री राजेश असाटी आईटी सेल के प्रदेश (प्रान्तीय) महामंत्री, विनोद कुमार राठौर, प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा, प्रांतीय प्रवक्ता रमाशंकर तिवारी, प्रान्तीय सचिव श्रीमती प्रमिला सगरे महिला प्रकोष्ठ, आईटी सेल प्रभारी राजेश गुप्ता एवं सह प्रभारी हृदयेश श्रीवास्तव, इनके साथ संभागीय संगठन मंत्री बालचन्द राठौर, संभागीय सचिव फूलचंद गुर्जर, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण पाटीदार, जिला महासचिव दिनेश कुमार राठौर, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा श्रीमती रेणुका आचार्य, जिला प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी पाटीदार, उपाध्यक्ष रामप्रसाद कुमावत, अखिलेश चन्द्रावत, हरीश खिचावत, सुरेन्द्र कुमार पाटीदार, लखन पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार ठाकुर, अरुण पाटीदार, पंकज मण्डलोई, राजाराम जोशी, मुकेश कुमार राठौर व जिले एवं ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आनन्द आंजना द्वारा प्रदान की गई।

### नपा की पीआईसी बैठक में शिवना नदी सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी



**मंदसौर।** नगर पालिका की प्रेजीडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) ने कल शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में सिंहस्थ मद के अंतर्गत लगभग 13 करोड़ रूपये की राशि से होने वाले शिवना सौन्दर्यीकरण के निर्माण कार्यों को मंजूरी प्रदान की। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सिंहस्थ मद के अंतर्गत 13 करोड़ रू. की राशि स्वीकृत करने पर उन्हें धन्यवाद देते हुये बताया कि सिंहस्थ मद के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मंदसौर को 13 करोड़ रू. की राशि प्राप्त हो रही है इस राशि के अंतर्गत काश्तकार होटल के नीचे शिवना नदी के तट से लेकर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की नयी पुलिया तक विभिन्न निर्माण कार्य किये जायेगे। रोड की साईड में रिटेनिंग वाल बनेगी। शिवना नदी के तट पर रोड के समानांतर जो वाल बनी है उसकी हाईट ब?ायी जायेगी शिवना नदी के तट को सुन्दर बनाने के लिये यहां फाउन्टेन वर्क एवं विद्युत साज सज्जा का कार्य होगा तथा बैठने के लिये छतरिया (गाजीबो) बनायी जायेगी। रोड के साइड में सुन्दर पौधे लगाये जायेगे तथा रोड के साईड को बगीचे के रूप में विकसित किया जायेगा। शिवना नदी सौंदर्यीकरण कार्य अंतर्गत घाट निर्माण एवं विद्युतीकरण का कार्य भी होगा। नपा की पी.आई.सी. बैठक में दर की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस बैठक में नपा लोकनिर्माण सभापति निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, दीपमाला मकवाना, रमेश ग्वाला, शांति दिनेश फरक्या, कौशल्या बंधवार, सत्यनारायण भांभी, नपा सीएमओ श्रीमती अनिता चकोटिया, उपयंत्री शाहिद मिर्जा, नपा कर्मचारी अजय मारोठिया, राजेन्द्र नीमा भी उपस्थित थे।

### अवैध वृक्ष कटाई के प्रकरण में राजेन्द्रसिंह पर 50 हजार रू का अर्थदण्ड अधिरोपित

**मंदसौर।** सीतामऊ एसडीएम शिवानी गर्ग द्वारा बताया गया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखण्ड सीतामऊ न्यायालय द्वारा अवैध वृक्ष कटाई के प्रकरण में कठोर कार्यवाही करते हुए आरोपी पर पचास हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 12/बी-121/2026-27 में राजेन्द्रसिंह पिता मानसिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम लखवा तहसील सुवासरा द्वारा शासकीय भू सर्वे नंबर 177 एवं निजी भूमि पर स्थित इमली, महुवा तथा बबूल सहित फलदार वृक्षों की बिना अनुमति अवैध कटाई किये जाने का प्रकरण संज्ञान में आया था। प्रकरण की सुनवाई उपरांत मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 एवं संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 241 के अंतर्गत राजेंद्र सिंह पिता मानसिंह जाति राजपूत निवासी लखवा तहसील सुवासरा पर पचास हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। प्रत्येक वर्ष अनेकों पेड़ कट जाने से पर्यावरण का तापमान प्रति वर्ष बढ़ा रहा है तथा आमजन से अपील है कि हरे भरे वृक्षों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध वृक्ष कटाई की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

### जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक 25 को

मंदसौर। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 की तैयारी हेतु जिला स्तरीय जनगणना समन्?वय समिति की बैठक 25 मई 2026 को दोपहर 12 बजे टी.एल. बैठक के पश्चात सुशासन भवन के सभाकक्ष में होगी।

## जनसहयोग से बदल रही शिवना की तस्वीर : विधायक जैन

▶ शुद्धिकरण अभियान में लोगों ने निकाली नदी से 1 ट्राली कचरा और अन्य गंदगी...



**मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण अभियान के 123वें दिन श्रमदानियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान किया। अभियान के दौरान श्रमदानियों ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के सामने नदी किनारे फैले कचरे की सफाई की तथा नदी में जमा प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट को बाहर निकाल गाजर घास को भी साफ किया गया। लगातार चल रहे इस जनअभियान का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।**

इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने कहा कि अभियान की शुरुआत में प्रदूषण और गंदगी से प्रभावित रहने वाली शिवना नदी के किनारे अब जलीय जीव एवं विभिन्न पक्षी देखने को मिल रहे हैं, जो पहले नजर नहीं आते थे। यह परिवर्तन शिवना शुद्धिकरण अभियान के श्रमदानियों की मेहनत, जागरूकता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। बेहतर भविष्य और स्वच्छ जीवन की कल्पना के साथ शुरू किया गया यह अभियान आज सफल परिणामों की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।

श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे।

आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 123वे दिन श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में मनीष भावसार, हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिंटू शांतिलाल मेमावत, सुधांशु भावसार खोडाना गांव से प्रकाश अहिरवार, मुन्ना अहिरवार, अमृतराम अहिरवार, भेरू अहिरवार, निर्भयराम अहिरवार, जयपाल अहिरवार, दशरथ अहिरवार, दलौदा सगरा गांव से गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय, रामप्रसाद मालवीय, महिला नेत्रीयों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, साबिर इलेक्ट्रिशियन, अजय सोनी, मंगल गवली, राकेश सेन, जीतू गुगर, कैलाश कुमावत, मनोहर नाहटा, अंसार मेव, सोहनलाल धाकड़, अकरम खान, संजय बारेट, योगेंद्र गौड़, आमीन खान, दुर्गेश चंदेल, नितनेश बसेर, ऋषिराज लाड़ ,प्रिंस सत्रावाला, कनिष्क सोनी, राघवेंद्र गुगर आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।



## ग्राम बिल्लौद, मूंदड़ी और बर्डिया अमरा में लगाए आयुष्मान आरोग्य शिविर

**मंदसौर।** 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम बिल्लौद, मूंदड़ी एवं ग्राम बर्डिया अमरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान एक्स-रे, सीवाई जांच, ब्लड टेस्ट, आरबीएस, एचआईवी जांच एवं सीबी-नाट जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

इस अवसर पर टीबी मरीजों एवं जरूरतमंद लोगों को फूड बास्केट का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा टीबी रोग की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना रहा।

## हुनर से मिली पहचान, आईटीआई मंदसौर के छात्र अशोक मालवीय बने सफल रोजगारदाता

**मंदसौर।** मंदसौर जिले के ग्राम नगरी के रहने वाले युवक अशोक मालवीय ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, तकनीकी शिक्षा और सही मार्गदर्शन के दम पर गांव का युवा भी सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। शासकीय आईटीआई मंदसौर से ड्राफ्ट्समैन सिविल ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अशोक आज एक सफल उद्यमी और रोजगारदाता के रूप में पहचान बना चुके हैं।

आईटीआई में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक अजमत खान के मार्गदर्शन में अशोक ने तकनीकी नक्शों और डिजिटल ड्राफ्टिंग की गहरी समझ विकसित की। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्होंने मात्र 8 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर एक रोड कंसल्टेंसी में नौकरी शुरू की। यहां दो वर्षों तक कार्य करते हुए उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की तकनीकी बारीकियां सीखीं और अपने अनुभव को मजबूत किया।

इसके बाद व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने एक अनुभवी सिविल ठेकेदार के साथ करीब 2 से 3 वर्षों तक साइट पर कार्य किया। इस दौरान उन्हें लेबर मैनेजमेंट, मटेरियल सप्लाई, बिलिंग एवं टेंडर प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक व्यवस्थाओं की जानकारी मिली। उनकी मेहनत और लगन के कारण वे 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन तक पहुंचे।

> लगभग पांच वर्षों के अनुभव के बाद अशोक मालवीय ने अपनी स्वयं की कॉन्ट्रैक्टिंग फर्म शशि कंस्ट्रक्शन की स्थापना की। कंसल्टेंसी और साइट मैनेजमेंट के बेहतरीन तालमेल के कारण उन्हें स्थानीय सड़क परियोजनाओं के टेंडर मिलने लगे। गुणवत्ता और समयबद्ध कार्यशैली ने उन्हें बाजार में एक मजबूत पहचान दिलाई। वर्तमान में उनकी फर्म रतलाम नगर के वार्ड क्रमांक 09 में सड़क एवं ड्रेनेज निर्माण कार्य कर रही है। आज अशोक मालवीय केवल एक सफल व्यवसायी ही नहीं, बल्कि कई लोगों के लिए रोजगार का माध्यम भी बने हैं। उनकी फर्म में सुपरवाइजरों सहित कई ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। उनकी प्रेरणादायक सफलता यह संदेश देती है कि यदि युवा सही दिशा में कौशल प्रशिक्षण लेकर धैर्य और मेहनत से आगे बढ़ें, तो वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

## गंगा दशहरा पर 25 को जन आंदोलन बनेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

▶ जिलेभर में होंगे जल संरक्षण, श्रमदान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंदसौर।** प्रदेश में 25 मई को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण, श्रमदान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी आधारित व्यापक अभियान बने, इसके लिए सभी विभागों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

प्रदेश में यह अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है। गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, नगरीय निकायों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होंगे। प्रथम चरण में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े श्रमदान और साफ-सफाई कार्य किए जाएंगे, जबकि द्वितीय चरण में गंगा दशहरा विषय पर आधारित सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी।

अभियान के अंतर्गत कुओं, तालाबों, बावड़ियों और नहरों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार कराया जाएगा। जनसहभागिता से श्रमदान के माध्यम से जल संरचनाओं का पुनर्जीवन किया जाएगा। साथ ही बंद पड़े पुराने बोरवेल एवं ट्यूबवेल के समीप रिचार्ज पिट निर्माण कर भूजल स्तर सुधारने के प्रयास किए जाएंगे। घाटों की स्वच्छता और जल स्रोतों के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी।शासन द्वारा प्रत्येक जिले में 4 से 5 उत्कृष्ट कार्यों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान को ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर तक प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। इसमें शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सामाजिक, धार्मिक, औद्योगिक एवं स्वयंसेवी संगठनों तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## नपाध्यक्ष-सभापति ने नालों और घाटों की सफाई व्यवस्था देखी



**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर और नपा स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने शुक्रवार को धानमण्डी पुराना लक्कड़पीठा (सदर बाजार के पीछे) नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर नपा स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, स्वच्छता उप परिवेक्षक सौरभ काला, नपा सफाई गैंग प्रभारी सुंदर डगले, सफाई दरोगा मुकेश घारू सहित कई कर्मचारीगण भी साथ थे।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने स्वच्छता कार्य का निरीक्षण करते हुये सफाई कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये और कहा कि धानमंडी के समीप एवं सदर बाजार के पीछे जितने भी नाले जो गाद और कूड़ा करकट भी भरे है उनकी दो-तीन दिवस में सही तरीके से सफाई करे तथा निकले हुए मलबे को ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर भिजवाये ताकि वर्षा ऋतु में नागरिको को यहां के नाले के कारण जलभराव का सामना नहीं करना प? ।नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर एवं सभापति श्रीमती मकवाना ने शिवना नदी के तट पर पहुंचकर यहां नपा के द्वारा शिवना के घाटों की गई सफाई एवं रंगाई पुताई के कार्य का भी निरीक्षण किया। नपा स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा ने बताया कि नपा परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत यहां पेटिंग कार्य भी काया है ताकि यहां की सुंदरता बने।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मंदसौर नगर के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वच्छता कार्य में नपा को सहयोग करे। कु?ा करकट स?क एवं नाली में नहीं डाले। शिवना नदी में कूड़ा- करकट प्रवाहित नहीं करें। स्वच्छता बनाये रखने के लिये नपा जो काम कर रही है उसमें जनसहयोग आवश्यक है।



## दलौदा में बच्चों को दिया जा रहा नि :शुल्क योग प्रशिक्षण

**मन्दसौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 एवं आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत मंदसौर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दलौदा कृषि उपज मंडी परिसर में बच्चों के लिए निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।**

शिविर में योग शिक्षक महेश कुमावत द्वारा बच्चों को प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम, ध्यान, हस्त मुद्रा, एक्यूप्रेशर एवं आहार चर्या व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सामान्य योग अभ्यासक्रम प्रोटोकॉल का भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 50 प्रतिभागी बच्चे भाग ले रहे हैं।यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 7.45 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है तथा शिविर 12 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में योग के महत्व की जानकारी भी दी जा रही है।मोबाइल टीवी और इंटरनेट की इस दुनिया में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण में योग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध होगी अभिभावकों एवं नागरिकों द्वारा इस निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर की सराहना की जा रही है।

**एक नजर** | बारिश के मौसम में किया जाएगा सघन पौधारोपण और राउंड प्लेटफार्म निर्माण

## सार्वजनिक मुक्तिधाम में दानदाताओं ने भेंट किए स्टील कुर्सी के 6 सेट

**भानपुरा। छोटा महादेव मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम परिसर में जनसहयोग से निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। अंत्येष्टि में आने वाले परिजनों एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न दानदाताओं द्वारा अपने स्वजनों की स्मृति में 6 स्टील कुर्सियों के सेट भेंट किए गए। इन सेटों की कुल लागत लगभग 33 हजार रुपए बताई गई है।**



सार्वजनिक मुक्तिधाम विकास समिति के अध्यक्ष संजय भाना एवं व्यवस्थापक मनोज मंगरोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम ज्येष्ठ मास के अवसर पर 19 मई को विभिन्न परिवारों द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में कुर्सी सेट स्थापित करवाए गए।

स्वर्गीय बसंतीलाल जैन एवं स्व. श्रीमती कमला बाई जैन की स्मृति में सुरेश जैन द्वारा, स्वर्गीय अनोखीलाल मंगरोलिया एवं स्व. श्रीमती कौशल्या बाई मंगरोलिया की स्मृति में मंगरोलिया परिवार द्वारा, स्वर्गीय नंदलाल भालिया एवं पुत्री स्व. श्रीमती मंजुला भालिया की स्मृति में अशोक भालिया एवं विवेक भालिया द्वारा, स्व. श्री वेदप्रकाश वधवा एवं स्व. श्रीमती कृष्णा वधवा की स्मृति में मनोज वधवा द्वारा, स्व. श्रीमती प्रेमबाई सोनी की स्मृति में अनिल सोनी द्वारा तथा स्व. मनोहरलाल व्यास की स्मृति में गौरव व्यास द्वारा यह सहयोग प्रदान किया गया।

> समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मुक्तिधाम परिसर में समय-समय पर साफ-सफाई के साथ अन्य विकास कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं। आगामी वर्षाकाल में परिसर में सघन छायादार पौधारोपण किया जाएगा तथा बैठने की सुविधा के लिए राउंड प्लेटफार्म भी बनाए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले लोगों को छाया एवं पर्यावरणीय सुकून मिल सके।